महत्वपूर्ण एवं खास

फरार बलात्कार के आरोपी पर पुलिस ने घोषित किया 10 हजार का इनाम

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत अवंतिका कॉलोनी निवासी एक नाबालिक बालिका को प्रेम जाल में फंसा कर अटल आवास निवासी आरोपी विक्की नाग ने विवाह का झांसा देकर अपने साथ ओडिशा ले जाकर जबरन बलात्कार के बाद फरार हो गया है। पुलिस ने फरार आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी कर रही है, साथ ही सूचना देने पर 10 हजार का ईनाम घोषित किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अटल आवास निवासी आरोपी विक्की नाग ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर ट्रेन में बिठाकर अपने साथ सिमिलीगुडा ओडिशा भगा कर ले गया। ओडिशा ले जाने के बाद नाबालिग के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजन आरोपी विक्की नाग के विरुद्ध थाना कोतवाली में शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध 366 376 की धाराओं के सहित 06 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध सूचना मुनादी कराई गई है, आरोपी के ऊपर 10 हजार रुपये इनाम रखा गया है। आरोपी के संबंध में सूचना देने वाले को 10 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

दो मोटरसायकल भिड़ी,तीन युवकों की मौत

कवर्धा (आरएनएस)। शहर के सिटी कोतवाली थानाक्षेत्र मे एक सडक़ हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक दो अलग अलग बाईक में सवार थे। हादसे में तीनों के सिर पर गंभीर चोट पहुंची थी जिसके चलते उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लोहारा रोड स्थित सुमित बजार के पास रात्रि लगभग 12 बजे तेज रफ्तार दो मोटरसायकलो की आमने सामने टक्कर हो गई। बताया जाता है कि युवक पुनीत साहू निवासी खैरबना कला अकेला बाईक से लोहारा की ओर जा रहा था और सामने से अजय यादव और तरुण यादव निवासी खैरागढ़ आ रहे थे। दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी जिसके चलते वे सम्हल नही पाए और दोनों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों युवकों के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनो को अस्पताल पहुंचाया किंतु दो युवकों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शवों को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनो को सौंप दिया है। बताया जाता है तीनों युवकों में से किसी ने भी हेलमेट नही पहना था जिसके चलते उनके सिर में गंभीर चोट पहुंची थी।

बाल दिवस समारोह 14 को राजधानी रायपुर में, मुख्यमंत्री बघेल होंगे शामिल

रायपुर (आरएनएस)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जंयती 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनायी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे बाल दिवस समारोह का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम करेंगे और संसदीय सचिव द्वय द्वारिकाधीश यादव और विकास उपाध्याय, महापौर नगर पालिक निगम रायपुर एजाज ढेबर, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा और कुलदीप जुनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने बताया कि बाल दिवस समारोह का संचालक स्कूल बच्चों द्वारा किया जाएगा। बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्र के बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले बच्चों का सम्मान होगा।

शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- अधिकारियों को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहने के निर्देश दिए
- कामों को लेकर पहुंचे कोई भी नागरिक कार्यालय से निराश न लौटें
- मुख्यमंत्री ने जांजगीर में ली अधिकारियों की बैठक, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांजगीर-चांपा विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दूसरे दिन आज सर्किट हाउस जांजगीर में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि शिक्षा गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, कल ही शिकायत पर एक प्राचार्य पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है,ऐसी स्थिति नही होनी चाहिए। स्कूलों में पढ़ाई अच्छे से होने चाहिए। शिक्षक समय से स्कूल पहुंचे और पूरे समय तक स्कूल में रहें। इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। अधिकारी इसका औचक निरीक्षण करें। जो शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित है उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए स्कूल्स को क्लस्टर में बांटकर विभिन्न गतिविधियां करवाई जाए। स्वामी आत्मानंद स्कूल का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराना है। उन्होंने शिक्षक की नियुक्ति पूरी करने के निर्देश दिए। नए खुले स्वामी आत्मानंद स्कूल में अगले शिक्षा सत्र से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर का सारा काम पूरा करें। सभी व्यवस्थाएं पूर्ण होनी चाहिए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि दिसंबर तक सडक़ों के मरम्मत और सुधार का काम करना है, पैच रिपेयर

में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। जिससे सडक़ें लंबे समय तक चलें। सडक़ दुर्घटना को रोकने के लिए भी संयुक्त रूप से प्रयास किए जाएं। ब्लैक स्पॉट पर जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अच्छे से कार्य करें, जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरा निर्वहन करें। शासकीय कार्यों को लेकर आने वाले किसान, आवेदक आएं तो समय से उनको उनका समाधान मिले। वे निराश होकर न जाएं। सभी अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से निवास करें। उन्होंने कहा अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन में वर्क ऑर्डर पेंडिंग है उसकी स्वीकृति लेकर काम शुरू कराएं। काम के गुणवत्ता में समझौता नही करना है। नियमित निरीक्षण करें। यदि कार्य गुणवत्ता विहीन है तो काम निरस्त करें और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करें। उन्होंने कहा कि गौठान के लिए स्वीकृत भूमि पर अतिक्रमण है तो उसे राजस्व विभाग समय सीमा निर्धारित कर अतिक्रमण मुक्त कराएं। गौठान में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसमें स्थानीय लोगों की रुचि, रॉ मैटेरियल और मार्केट की उपलब्धता के अनुसार कार्य करने हैं। गोबर से पेंट बनाने का कार्य किया जा सकता है। फॉरेस्ट गौठानो में भी वर्मी कंपोस्ट निर्माण के अतिरिक्त अन्य आजीविका गतिविधियां संचालित करनी है। यहां मलबेरी उत्पादन का कार्य किया जा सकता है। पशुपालकों का पंजीयन गोधन न्याय योजना में बढ़ाया जाना है। इसके लिए वेटनरी विभाग को पंचायत विभाग से समन्वय कर पशुपालकों सर्वे कर पंजीयन करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में निर्देश दिए गए कि भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। आश्रम छात्रावास के रेनोवेशन रख रखाव और साफ सफाई का विशेष ध्यान देना है। जिससे वहां रह रहे बच्चों को बेहतर माहौल मिल सके। राजीव युवा मितान क्लब में शामिल युवाओं को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से जोड़ा जाए। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सारे मिलर्स के पंजीयन सुनिश्चित कराना है। धान का उठाव भी तेजी से करवाने के निर्देश। राशन कार्ड निर्माण के लिए कैंप लगाया जाए। पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड बनाना है। पेंशन योजनाओं से भी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए। धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में दवाओं की बिक्री बढ़ाए जाने के प्रयास किए करने के निर्देश दिए गए। जिससे लोगों को सस्ती दवा का लाभ मिले। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना है जिससे लोगों को इसके बारे में पूरी जानकारी हो और वे इसका लाभ ले सकें। मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों से कहा गया कि सुपोषण अभियान के क्रियावनयन पर कहा गया कि गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए विशेष टारगेटेड अप्रोच के साथ काम करना होगा। उनके लिए प्रति सप्ताह का डाइट प्लान तैयार कर उसके पोषण आहार दें। उनकी नियमित मॉनिटरिंग करनी है। जिससे वे जल्द कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकल सके। महिलाओं विशेष कर जो गर्भवती हैं उनकी नियमित एनीमिया की जांच की जाए। एनिमिक मिलने पर उनका समुचित उपचार भी सुनिश्चित किया जाए।

भेंट-मुलाकात : मुख्यमंत्री ने की अर्जुनी में कॉलेज में कालेज खोलने की घोषणा

- मचानपार और बुद्धुभदररा में हाईस्कूल भवन निर्माण को मिली मंजूरी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम अर्जुनी पहुंचे और वहां वे जनचौपाल के दौरान आम जनता से मुलाकात की और विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की। जन-चौपाल में ग्रामीणों का सैलाब था, मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर अर्जुनी में कॉलेज खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान छत्तीसगढ़ की पुरानी ग्राम्य परंपरा है। आवारा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए गांव-गांव में गौठान बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से पैरा (पराली) न जलाने की अपील की। उन्होंने चारा को मवेशियों के लिए इस्तेमाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मवेशियों को चारा मिलेगा तो उनका अच्छा आहार मिलेगा। साथ ही उनसे मिलने वाले गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर उसे खेतों में खाद की तरह उपयोग कर सकते हैं। इससे उत्पादन भी बढ़ेगा। फसल के लिए रासायनिक खादों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है, जैविक खाद से फसल के सेवन से शरीर को कोई नुकसान नहीं है, जो मानवता की सेवा भी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तुमड़ीबोड़-सूखानाला बैराज सिंचाई परियोजना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति, डोंगरगांव में माटीकला, शिल्पकला के लिए ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना और डोंगरगांव के सभी वार्डों में गली कांक्रीटीकरण किए जाने, कोटरासरार से मोहभट्ठा तक सडक़ निर्माण, मचानपार और बुद्धुभदररा में हाईस्कूल भवन निर्माण किए जाने की भी घोषणा की। चौपाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ग्राम कोपेडीह (आलीकुटा) की महिला श्रीमती सरिता साहू ने बताया कि अभी तक 50 क्विंटल गोबर बेचा है। इसके एवज़ में एक लाख रुपये मिले। जिसमें घर की ज़रूरतों को पूरा करने के साथ ही एक स्कूटी की खरीदी भी की। कुलेश्वरी ने बताया कि उसने 13 हजार रुपये का गोबर बेच चुकी हूं' उसने कहा कि कभी सोची नहीं थी गोबर से भी पैसा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तभे सराफा बाजार में अतका भीड़ दिखत हे। मुख्यमंत्री से ग्राम अमलीडीह की महिला श्रीमती लक्ष्मी वैष्णव ने बुनकर के कार्य के लिए जमीन मांगी तो मुख्यमंत्री बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि उनके ग्राम में रीपा (रुरल इंडस्ट्रियल पार्क) के लिए दो करोड़ रुपये दिये गए हैं, जो बनकर तैयार भी हो चुका है। वहां लघु व मध्यम उद्योग संचालित किये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान मज़दूर न्याय योजना के हितग्राहियों के बारे में पूछा तो सिंगारपुर निवासी परस राम निषाद ने बताया कि बीते वर्ष योजना की पूरा किश्त मिल चुकी है। इस बार भी एक किश्त उनके खाते में आ चुका है। इसके अलावा मुख्यमंत्री से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा सानिया मेमन ने चर्चा की। इस दौरान जब वह बात करते हुए नर्वस हुई, मुख्यमंत्री ने उनकी हौसला बढ़ाया और निडर होकर बात करने के लिए कहा। सानिया ने बताया कि वह कक्षा 12 वीं की जीव विज्ञान संकाय की छात्रा है और प्रोफ़ेसर बनना चाहती हैं। मुख्यमंत्री के पूछने पर उसने बताया कि इससे पहले वो सीजी पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी जहां उसे 20 हजार रूपए देने पड़ते थे।

उठाईगिरों ने किया साढ़े पांच लाख रूपए से भरा बैग पार

बिलासपुर (आरएनएस)। तोरवा थानाक्षेत्र के रेलवे क्षेत्र में 2 उठाईगीरों ने व्यापारी के मैनेजर का साढ़े पांच लाख से भरा बैग पार कर दिया। मामले मे पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के राधेश्याम इंटरप्राइजेस में मैनेजर के पद पर कार्यरत चुचुहियापारा में रहने वाले विक्की पैंगवार शुक्रवार की सुबह दो बैंकों से पांच लाख 68 हजार रूपए निकालकर काले रंग के बैग में रुपए लेकर सिरगिट्टी जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में रेलवे क्षेत्र के बंगाली रोड के पास जूस पीने के लिए रूके तभी एक युवक अपने दोस्त के साथ वहां पहुंचा और मैनेजर से बात करने लगा। दोनों युवकों ने मैनेजर को चकमा देते हुए कपड़े में कीड़ा होने की बात कही, जिससे मैनेजर बैग को कंधे से उतारकर पास की खड़ी गाड़ी में रख दिया और कपड़ा झाड़ने लगा। उसके साथ आया युवक भी मैनेजर की मदद करने लगा। इस दौरान दोनों युवकों ने उनका ध्यान बैग से हटाए रखा और तभी दो अन्य व्यक्ति बाइक से आए और मैनेजर के बैग को लेकर भाग निकले। मैनेजर ने आरोपियों को पकडऩे के लिए दौड़ा, लेकिन युवक बैग लेकर गिरजा चौक होते हुए व्यापार विहार की ओर भाग निकले। जिसके बाद मैनेजर ने इसकी शिकायत तोरवा थाने मे की।

मोबाईल जन सेवा वाहन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन : राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य इसमें देंगे अपनी सेवाएं

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव जिले के विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से

जनसेवा की दिशा में एक और सुनहरी पहल की है। ग्रामीणजनों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए मोबाईल जनसेवा वाहन चलाया जायेगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। इस मोबाईल यूनिट में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के द्वारा गांव और अन्य स्थानों में शिविर लगाकर नेत्र जांच एवं रक्तदान जैसी सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब को मोबाईल जनसेवा वाहन शासन द्वारा प्रदान किया गया है। जिसमें नेत्र क्लीनिक और ब्लड बैंक के लिए रक्तदान के माध्यम से ब्लड इक_ा करने का कार्य किया जाएगा। आंखों के जांच के लिए इसमें मैनुअल लेंस चेकिंग के साथ-साथ ऑटोरेफ और स्लाईट लैम्प जैसी अत्याधुनिक मशीन भी उपलब्ध है, जिससे आंखों की कम्प्यूटराइज्ड आई चेकअप और आंखों के अंदरूनी हिस्सों की जांच भी की जाएगी। इसके साथ साथ रेमी कंपनी की ब्लड स्टोरेज भी उपलब्ध है। जिसमें ब्लड डोनर के स्क्रीनिंग के पश्चात ब्लड कलेक्ट कर इस स्टोरेज में इसका संग्रहण कर इसे ब्लड बैंक में भेज दिया जाएगा।

हिमोफीलिया के इलाज का खर्च उठाएगी सरकार - मुख्यमंत्री

- भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल
- हीमोफीलिया से ग्रस्त बच्चे के इलाज के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद तुरंत दूर हुई परेशानी

रायपुर (आरएनएस)। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहलहीमोफीलिया से ग्रस्त बच्चे के इलाज। लाल बहादुर नगर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हीमोफीलिया रोग से पीड़ित दो बच्चों के इलाज का पूरा खर्च राज्य शासन द्वारा उठाया जाएगा। कार्यक्रम में अर्जुनी गांव के माखनलाल निर्मलकर ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। दोनों बच्चे दुर्लभ बीमारी हीमोफीलिया से ग्रसित हैं, उनके इलाज में वे काफी पैसे खर्च कर

चुके हैं। एक इंजेक्शन 16 हजार के लगते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। आगे की इलाज के लिए उन्हें पैसे की सख्त जरूरत है। माखनलाल निर्मलकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि राजनांदगांव में इस बीमारी के केवल दो ही मरीज है और दोनों मेरे बच्चे हैं। काफी इलाज कराने के बाद भी उनकी बीमारी ठीक नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले बेंगलुरु में ऑपरेशन हुआ था। इसमें पहले ही काफी खर्च हो चुका है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह आगे का इलाज कराने में समर्थ नहीं है। मुख्यमंत्री ने उनकी बात को ध्यान से सुना और दोनों बच्चों के इलाज में होने वाली पूरा खर्च शासन द्वारा वहन करने की सहमति दी। निर्मलकर ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है जिसमें शरीर के बाहर बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। इसके कारण चोट या दुर्घटना में यह जानलेवा साबित होती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस रोग का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी होती है, जिसे 'क्लॉटिंग फैक्टर' कहा जाता है। इस फैक्टर की विशेषता यह है कि यह बहते हुए रक्त के थक्के जमाकर उसका बहना रोकता है। इस रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या भारत में कम है।

प्रदेश में युद्धस्तर पर जारी है सड़कों की मरम्मत

रायपुर (आरएनएस)। समग्र विकास को गतिशील बनाने में सडक़ों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सडक़ें विकास की संवाहक होती है। सडक़ों के माध्यम से ही तरक्की का पहिया तेजी से घूमता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदूर अंचल तक विस्तारित करने में सडक़ें महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। अच्छी और गुणवत्तापूर्ण सडक़ें खुशहाल और समृद्ध अर्थव्यवस्था की परिचायक है, जहां सडक़ अच्छी होती है, उन जगहों पर सुविधाएं पहुंचाने में आसानी होती है। सडक़ केवल बसाहटों को नहीं जोडती हैं, बल्कि सडकें, सुविधाओं का विस्तार और विकास भी सुनिनिश्चित करती हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सरगुजा अंचल से लेकर बस्तर अंचल तक की सडक़ों की मरम्मत एवं निर्माण का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। सडक़ों का निर्माण और मरम्मत का काम गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित भेंट-मुलाकात में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिलों के अधिकारियों को खराब सडक़ों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का काम प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए थे। क्षेत्र की जरूरत के अनुसार उन्होंने नई सडक़ों के निर्माण की भी घोषणा की थी। राज्य में नवीन सडक़ों का निर्माण और पुरानी सडक़ों के मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य में अब तक एक हजार करोड़ रूपए की लागत से सडक़ों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। दिसम्बर 2022 तक 165 सडक़ों एवं पुलों, मार्च 2023 तक 180, जून 2023 तक 99, जुलाई 2023 तक 29 सडक़ों एवं पुलों सहित कुल 483 कार्यों को छत्तीसगढ़ रोड़ एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पूरा कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत कटघोरा-हरदीबाजार-बलौदा-अकलतरा मार्ग में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिला रायगढ़ अतंर्गत चंद्रपुर-डभरा-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

गौठानों में पशुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए लगेंगे शिविर

- बायोप्लॉक विधि से होगा मछली पालन, पपीता बनेगा रायपुर की पहचान
- कलेक्टर ने की कृषि और सहयोगी विभागों के कामकाज की समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के सभी सक्रिय गौठानों में पशुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाये जाएंगे। इन शिविरों में पशुओं को आवश्यकता अनुसार बीमार होने पर दवाईयां दी जाएगी। इसके साथ ही टीकाकरण भी किया जाएगा। जिले में जल्द ही बायोप्लॉक विधि से महिला समूहों द्वारा मछली पालन की शुरूआत भी चिन्हांकित गौठानों में की जाएगी। इसके लिए खनिज न्यास निधि से महिला समूहों को आर्थिक सहायता भी मिलेगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज सुबह कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि और उसके सहयोगी विभागों पशुपालन, उद्यानिकी, मछली पालन और सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने खेती-किसानी से जुड़ी योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने रबी मौसम में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज, खाद, दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.ओ. आकाश छिकारा सहित कृषि विभाग के उप संचालक आर.के. कश्यप और सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत जिले में होगी पपीते की खेती- एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत रायपुर जिले में लगभग तीन सौ हेक्टेयर रकबे में हाईब्रिड पपीते की खेती की जाएगी। इसके लिए उपयुक्त कलस्टर और किसानों का समूह चिन्हांकित करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। पपीते के खेती के लिए हाईब्रिड पौधे किसानों को दिए जाएंगे। खेती के लिए जरूरी तैयारियों, खाद, दवा, सिचांई आदि की व्यवस्था के लिए भी किसानों को शासकीय तौर पर मदद दी जाएगी। कलेक्टर ने अभी से ही पपीते का औसत उत्पादन अनुमानित कर उसके लिए विस्तृत बाजार और बेचने की व्यवस्था आदि की भी तैयारी शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए भी किसानों को प्रेरित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने गौठानों में सामुदायिक बाडिय़ां लगाने के साथ दूध उत्पादन के लिए पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मछली पालन एवं पशुपालन के लिए कृषि ऋण देने की प्रक्रिया को सरल करते हुए अधिक से अधिक किसानों को लोन उपलब्ध कराने के निर्देश सहकारी बैंक के अधिकारियों को दिए।